राजस्थान विश्वविद्यालय को रूसा 2.0 के तहत 17.50 करोड रू. जारी।

जयपुर– 10 फरवरी। राज्य के सबसे बडे उच्च शिक्षण संस्थान राजस्थान विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा 2.0) के तहत अनुसंधान, नवाचार एवं गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रथम किस्त के रूप में 17.50 करोड रूपए की राशि जारी की गई है। रूसा 2.0 के घटक 10 (Component 10) जिसके अन्तर्गत अनुसंधान, नवाचार एवं गुणवत्ता मे सुधार का क्षेत्र आता है, के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय को कुल 35 करोड रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

कुलपति प्रो. राजीव जैन ने इस संबंध में बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा बोटनी, जूलॉजी, फिजिक्स, जिओलॉजी, होम सांइस, सोश्योलॉजी, साइकोलॉजी सहित पुस्तकालय विज्ञान एवं व्यावसायिक प्रशासन आदि विभागों की 19 शोध परियोजनओं के प्रस्ताव रूसा के घटक 10 के तहत प्रस्तुत किए गए थे, इन प्रस्तुत प्रस्तावों का रूसा द्वारा किए गए उच्च स्तरीय मूल्यांकन के बाद राजस्थान विश्वविद्यालय को 35 करोड रू. की कुल राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृत राशि की प्रथम किस्त के रूप में विश्वविद्यालय को 17.50 करोड रूपए की राशि जारी की गई है। इस स्वीकृत राशि का विश्वविद्यालय सभी संबंधित परियोजनओं को आवंटन करेगा जिससे परियोजनाओं का निर्धारित कार्य प्रारंभ हो सके। राजस्थान विश्वविद्यालय को जारी की गई इस राशि में विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग में स्थित एनिमल हाउस को विकसित करने का कार्य भी किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में रूसा के तहत विश्वविद्यालय को फैकल्टी डवलपमेंट के लिए 07 करोड रू. की राशि स्वीकृत की गई थी, इस राशि में से विश्वविद्यालय में 3.5 करोड रू. की लागत से मानव संसाधन विकास केन्द्र के एक नये भवन का निर्माण किया गया है व विश्वविद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों के लिए ओरिएण्टेशन व इण्डक्शन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

राजस्थान विश्वविद्यालय को रूसा के तहत ही एण्टरप्रेन्योरशिप व करियर हब की स्थापना के लिए 15 करोड रू. की स्वीकृत की गई है व इस राशि में से 7.50 करोड रू. की राशि जारी की जा चुकी है, इस जारी की गई राशि से विश्वविद्यालय में छात्रों को उद्यमिता के विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने एवं नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत
जनसम्पर्क अधिकारी